कार्यालय जिला एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर महानगर द्वितीय

क्रमांक–स्था0 / 2024 / 7558 दिनांक– 17.12.2024

–:: आदेश ::–

(1) सामान्य नियम (दीवानी एवं फौजदारी), 2018 के आदेश 20 नियम 42 के अनुसार वाणिज्यिक न्यायालय मुख्यालय पर अवस्थित दीवानी न्यायालयों के लिए वर्ष–2025 हेतु निम्नांकित अभिभाषकगणों को लेखा, पार्टीशन्स सर्वे, मुआयना, गवाहों के बयान लेने आदि कार्यो के लिए कमिश्नर (आयुक्त) नियुक्त किया जाता है।

प्रत्येक संबंधित न्यायालय के रीडर द्वारा कमिश्नर की नियुक्ति का रजिस्टर नियमानुसार संधारित किया जावेगा तथा कमिश्नरों को नियुक्ति क्रमानुसार दी जावेगी और यदि क्रम टूटता है तो उसका रजिस्टर में कारण अंकित किया जावे। माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के परिपत्र क्रमांक–17 P.I. दिनांक 10.12.1973 में दिये गये निर्देशों की भी कठोरता से पालना की जावे।

वाणिज्यिक न्यायालय परिसर पर स्थित 04 वाणिज्यिक न्यायालयों हेतु लेखा / साक्षी की परीक्षा व प्रतिपरीक्षा / सर्वेक्षण एवं मौका निरीक्षण / अन्य प्रयोजनों के कार्यों के लिए

Sr. No.	Name of Advocate (Sarva Shri/Smt./Ms.)	Enrolment No.
1.	**Narendra Kumar Tiwari**	**R/2032/2006**
2.	**Neelu Sharma**	**R/559/2009**
3.	**Ashwani Kumar Gupta**	**R/2728/2014**

(2) वाणिज्यिक न्यायालय मुख्यालय पर अवस्थित न्यायालयों हेतु शपथ–आयुक्त नियुक्ति हेतु कोई आवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण इस कार्यालय द्वारा जारी आदेश क्रमांक स्था / 2024 / 7271 दिनांक 25.11.2024 के द्वारा जयपुर मुख्यालय पर नियुक्त शपथ–आयुक्तों द्वारा सामान्य नियम (दीवानी एवं फौजदारी), 2018 के आदेश 20 के नियम 52 की पालना करते हुए वर्ष 2025 हेतु वाणिज्यिक न्यायालय मुख्यालय पर अवस्थित न्यायालयों में शपथ–आयुक्त संबंधी कार्य किया जा सकेगा।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर द्वितीय

क्रमांक–स्था0 / 2024 / 7559 दिनांक– 17/12/2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. समस्त वाणिज्यिक न्यायालय, जयपुर महानगर द्वितीय न्यायक्षेत्र।
2. अध्यक्ष, दी कॉमर्शियल कोर्ट बार एसोसिएशन, जयपुर
3. सिस्टम ऑफिसर को जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
4. नोटिस बोर्ड, जिला न्यायालय, जयपुर महानगर द्वितीय।
5. आदेश पत्रावली / संबंधित पत्रावली / रक्षित पत्रावली।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जयपुर महानगर द्वितीय
17/12/2024